भोलेनाथ ऐसी मुझ पर कृपा कर दो

भोलेनाथ ऐसी मुझ पर कृपा कर दो,
गांऊ महिमा तुम्हारी बाबा ऐसा वर दो......

तेरे नाम का तराना मेरे लब पर रहे,
तेरी दया की नजर मेरे ऊपर रहे,
झोली जन्मो से खाली प्रभु प्रेम भर दो,
भोलेनाथ ऐसी मुझ पर कृपा कर दो......

तूने जग हितकारी प्याला विष का पिया,
देके अमृत सुरों का उपकार थाकिया,
ऐसे जीवन ये मेरा नूरो नूर कर दो,
भोलेनाथ ऐसी मुझ पर कृपा कर दो......

तू ही शंकर प्रभु तू ही महादेव है,
तेरे चरणो मेझुकते सभी देव हैं,
शममी दास है तुम्हारा बेड़ा पार कर दो,
भोलेनाथ ऐसी मुझ पर कृपा कर दो......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30210/title/bholenaath-aisi-mujh-par-kripa-kar-do

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |